# उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–6727/26 दिनांक 08.09.26

**समयबद्ध / अति महत्वपूर्ण**

सेवा में,

**प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,**
समस्त डिप्लोमा जी0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र
उत्तर प्रदेश।

**विषय–शैक्षणिक सत्र् 2026–27 हेतु जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों को भरे जाने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त के संबंध में आपको अवगत कराना है कि जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों को भरे जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या– I / 1455212 / 2026 / 71–4099 / 1001 / 2022 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4–चिकित्सा शिक्षा विभाग दिनांक 08.09.2026 में निम्न व्यवस्था का उल्लेख किया गया था –

(क) जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम हेतु शासकीय क्षेत्र की रिक्त 22 सीटों को अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा स्ट्रे राउण्ड काउंसिलिंग के माध्यम से भरे जाने की नियमानुसार कार्यवाही की जाय।

(ख) निजी क्षेत्र की संस्थाओं में जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों को भरे जाने के संबंध में पूर्व की भांति स्वस्तर से प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश की कार्यवाही की जाय।

(ग) उक्त कार्यवाही 30 सितम्बर, 2026 तक पूर्ण कर ली जाय।

निजी क्षेत्र की संस्थाओं में जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित अभ्यर्थियों एवं सीट रिक्त होने की दशा में स्वस्तर से प्रवेश परीक्षा के द्वारा लिए गए अभ्यर्थियों का इनरोलमेंट अपने सेंटर लॉगिन पर दिनांक 05.10.2026 तक करना सुनिश्चित करें।

शासकीय / निजी क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा दिनांक 30.09.2026 तक जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश लिए गए अभ्यर्थियों की सूची भी दिनांक 05.10.2026 तक इस कार्यालय में ई–मेल के माध्यम से प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। दिनांक 30.09.2026 के पश्चात् लिये गये प्रवेश मान्य नहीं होंगे।

भवदीय,

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव),**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या– दिनांक–

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव / सचिव / विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. कुल सचिव, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**(डा0 अनुराग श्रीवास्तव),**
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।